दयानंद महाविद्यालय एवं दैनिक पाठकपक्ष समाचार-पत्र के मध्य हुए एमओयू पर हस्ताक्षर

पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 10 मई : दयानंद महाविद्यालय हिसार के जनसंचार विभाग व दैनिक पाठकपक्ष समाचार पत्र के मध्य पत्रकारिता पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। दयानंद महाविद्यालय हिसार के साथ यह एमओयू 5 साल के लिए किया गया है। दयानंद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि इस तरह के एमओयू विद्यार्थियों को मीडिया में उच्च स्थान पर पहुंचाने के साथ-साथ हौसला भी बढ़ाते है। पाठक पक्ष समाचार पत्र की यह पहल विद्यार्थियों को पत्रकारिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। जनसंचार विभाग के इंचार्ज प्रो. मनजीत सिंह ने कहा कि यह एमओयू जनसंचार एवं पत्रकारिता पाठ्यक्रम में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगा। साथ ही विद्यार्थियों में जनसंचार के प्रति और अधिक रुचि पैदा करेगा। इस एमओयू द्वारा दयानंद महाविद्यालय में जनसंचार एवं पत्रकारिता अध्ययन कर रहे विद्यार्थी प्रिंट मीडिया समूह के साथ इंटर्नशिप व ट्रेनिंग कर सकेंगे जिससे उन्हें करियर में बहुत मदद मिलेगी। महाविद्यालय की तरफ से प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह की उपस्थिति में एमओयू पर बर्सर नरेन्द्र कुमार, जनसंचार विभाग के इंचार्ज प्रोफेसर मनजीत सिंह ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर आईक्यूएसी निदेशक डॉ. विवेक श्रीवास्तव व आईक्यूएसी उप-निदेशक डॉ. शम्मी नागपाल भी उपस्थित रहे।